**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–22.05.2024 (संध्या 1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गोड्डा और रांची में और असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा और शिवराज सिंह चौहान ने धनबाद में चुनावी सभा को किया संबोधित।**
2. **टेंडर कमीशन घोटाले में आईएएस अधिकारी मनीष रंजन को ईडी ने भेजा समन, 24 मई को पूछताछ के लिए बुलाया, इसी मामले में मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि पांच दिनों के लिए बढ़ी।**
3. **याचिका में तथ्य छुपाने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिटिशन पर उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई से किया इनकार।**
4. **बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय दबाव का असर झारखंड में, मौसम विभाग ने 25 मई तक राज्य के कई जिलों में तेज हवा और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट किया जारी।**
5. **भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेज पर दो–शून्य की जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की, शुरुआत की।**

*******************

गोड्डा के मेला मैदान और रांची के नामकुम में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जनसभा को संबोधित किया। गोड्डा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में और रांची में कांग्रेस प्रत्याषी यषस्विनी सहाय के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने मोदी सरकार को महंगाई पर घेरा और कहा कि मोदी सरकार सिर्फ अडानी अंबानी जैसे खुब पैसे वालों की पार्टी रह गई है। गरीबों की समस्याओं से उन्हें कोई मतलब नहीं है। उन्होंने रोजगार की बात उठाई और कहा कि हमारे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। वहीं, रांची के नामकुम हाई टेंशन मैदान में आयोजित जनसभा में प्रियंका गांधी ने कहा–आपको गर्व होना चाहिए यह आपकी धरती है जहां ऐसे नेता हुए जो सदियों पहले आपके अधिकार के लिए लड़े। वहीं, गोड्डा की जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने भी संबोधित किया। उन्होने कहा कि साजिश के तहत हेमंत सोरेन जेल में है। आपका एक एक वोट हेमंत सोरेन रिहाई की राह को आसान बनाएगा।

*******************

इधर, असम के मुख्यमंत्री डॉक्टर हिमंता बिस्वा सरमा ने आज धनबाद के चंदनकियारी में भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब दो चरण का चुनाव होना है। अभी तक के रुझान से कहा जा सकता है कि इस बार 400 से अधिक सीट से मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे।

वहीं, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में झरिया स्थित जियलगोड़ा मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी समेत पूरे इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। शिवराज चौहान ने कहा कि झारखंड को जिस तरह से लूटा गया है, उससे मन गुस्से से भर जाता है।

साथ ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य आज रांची में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में आयोजित बाइक रैली में सम्मिलित हुए। उन्होने भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के लिए लोगों से समर्थन मांगा।

*******************

धनबाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज न्यू टाउन हॉल में चुनाव सामग्री रिसीव करने के लिए रिसीविंग सेंटर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होने कहा कि रिसिविंग सेंटर में विधानसभावार ईवीएम रखने के लिए हॉल चिह्नित है। उन्होंने कहा कि ईवीएम और अन्य चुनावी सामग्री रिसीव करते समय किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें।

*******************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अतिंम चरण के तहत एक जून को झारखंड के तीन लोकसभा सीट राजमहल, दुमका और गोड्डा पर चुनाव होने हैं। राज्य के तीन संसदीय क्षेत्र में 52 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। राजमहल लोकसभा से 14, दुमका और गोड्डा से 19–19 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों लोकसभा क्षेत्र में छह जिला और 18 विधानसभा आते हैं। तीन लोकसभा क्षेत्र में कुल 53 लाख मतदाता हैं।

*******************

चतरा संसदीय सीट पर आम चुनाव में अंतिम रूप से मतदान प्रतिशत 63.69 प्रतिशत रहा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी चतरा रमेश घोलप ने आज लोक सभा चुनाव संपन्न होने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले लोक सभा चुनाव में जिले के 50 बूथों पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। जिले के 300 बूथों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया जिससे मतदाता जागरूकता को बढ़ावा मिला है। इन बूथों पर पिछली बार की तुलना में 3 प्रतिशत ज्यादा वोट पड़े हैं।

*******************

देवघर के स्टेट बैंक ज्ञानार्जन एवं विकास संस्थान और देवघर स्थित मतदान केंद्र का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज भौतिक निरीक्षण किया। अपने भ्रमण के दौरान उन्होने देवघर के संत कोलम्बस स्कूल और बिलासी टाउन स्थित मतदान केंद्र पर बीएलओ से वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप आवंटन के अद्यतन स्थित की जानकारी ली। देवघर के मतदान केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सातवें चरण में एक जून को देवघर में मतदान होना है और बुथ स्तर पर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं के साथ साथ मतदान कार्य में लगे सभी कर्मियों की सुरक्षा सभी संबंधित जिला प्रशासन का दायित्व है।

*******************

देवघर में मतदाताओं के घर–घर मतदाता पर्ची पहुंचने का काम किया जा रहा है। और जानाकरी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

आईएएस अधिकारी मनीष रंजन को प्रवर्त्तन निदेषालय (ईडी) ने समन किया है। 24 मई को उन्हें रांची के ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मनीष रंजन को टेंडर कमीनश घोटाला मामले में समन किया गया है। बता दें कि ईडी को जो दस्तावेज मिले हैं उसमें किसी मनीष रंजन का भी जिक्र था। मनीष रंजन पहले ग्रामीण विकास विभाग में सचिव रह चुके हैं। वर्तमान में मनीष रंजन भू–राजस्व विभाग में है। इसी मामले में गिरफ्तार राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि पांच दिनों के लिए बढ़ा दी है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत से आलमगीर

आलम को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने ईडी को फिर से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी।

*******************

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। अदालत ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि सोरेन की ओर से फाइल की गई पिटीशन में इस तथ्य को छिपाया गया कि इस मामले में ईडी की स्पेशल कोर्ट संज्ञान ले चुकी है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की वेकेशन बेंच ने याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त की, जिसके बाद सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने याचिका वापस ले ली।

*******************

राज्य शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्य के सभी जिलों को स्मार पत्र के माध्यम से सभी सरकारी और गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में छात्र–छात्राओं का कक्षा एक में सीधे नामांकन प्रोन्नति, और विद्यालय परिवर्तन के क्रम में कक्षा 6, 9 और 11 में नामांकन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश भेजा है। इस संबंध में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि 15 जून के बाद राज्य के प्रत्येक जिलों के 30 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

*******************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में आज दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात हुआ। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय दबाव के कारण झारखंड का मौसम बदला है। मौसम यह बदलाव अभी 25 मई तक रहने का अनुमान है। राज्य के कई जिलों में तेज हवा और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। बारिश के बाद प्रदेश के तापमान में कमी देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने अभी राज्य में 27 मई तक बारिश के आसार व्यक्त किए हैं।

*******************

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेज पर दो–शून्य की जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। हिना बानो और कनिका सिवाच ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम अपना अगला मैच आज नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

********समाप्त********